हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 फरवरी 2026

04 एक ही चिता पर दो भाइयों को देखकर भी नहीं जागा …



07 श्योपुर में 1 लाख 37 हजार 475 मतदाता संदिग्ध…





## खबर संक्षेप



### कमला जैन को दी श्रद्धांजलि

**सागर।** नरयावली विधायक, इंजीनियर प्रदीप लारिया शनिवार को विद्याभवन, अंकुर कॉलोनी, रजाखेड़ी में आयोजित कमला जैन जी की शांतिविधान एवं श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक लारिया ने सिंघई परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों का ढांढस बंधाया।

### लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह का सागर आगमन आज

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह का 1 फरवरी 2026 दिन रविवार को सागर आगमन प्रस्तावित। लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह 1 फरवरी को प्रातः 10:45 बजे भोपाल से रवाना होकर दोपहर 1:30 बजे सागर पहुंचेंगे। तत्पश्चात मंत्री सिंह दोपहर 2 बजे बहेरिया रोड बमौरा स्थित रुद्राक्ष धाम मंदिर परिसर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात मंत्री सिंह दोपहर 2:45 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन

**सागर।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय बडतूमा जिला सागर में मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य ए.सी. जैन रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एन.एस.एस. ऑफिसर आर. सी प्रजापति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्य, महाविद्यालय के लगभग 250 विद्यार्थी, महाविद्यालय स्टाफ, अन्य गणमान्य नागरिकों सहित सामाजिक न्याय विभाग से संयुक्त संचालक डॉ. डी.एस. यादव सामाजिक न्याय का कलापथक दल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी आर्दश शैलार एवं वासुदेव गौड़ एवं शाखा प्रभारी अमित नेमा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य गांधीजी के विचारों के अनुरूप समाज को नशामुक्त बनाने के प्रति जन जागरूकता फैलाना रहा। मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलवाई गई। सामा. न्याय विभाग द्वारा गायत्री परिवार के सहयोग से नशामुक्ति जन जागरण शपथ कार्यक्रम एवं गायत्री मंदिर से झण्डा चौक गोपालगंज तक रैली का आयोजन भी किया गया।

### कलेक्टर ने किया लोअर चंदिया डैम का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ लोअर चंदिया डैम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, एसडीएम नवीन ठाकुर, जल संसाधन विभाग अखिल बिरथरे सहित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर शाहगढ़ विकासखंड पहुंचकर चंदिया डैम पहुंचे जहां उन्होंने चंदिया बांध का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा कि इस बांध की मरम्मत करने के लिए कार्य योजना तैयार की जावे जिससे कि सिंचाई के साथ पेयजल भी उपलब्ध हो सकेगा और शाहगढ़ की समस्या का निदान हो सकेगा। कलेक्टर संदीप जी आर ने बांध का निरीक्षण करते हुए कहां की यह डेम अत्यधिक महत्वपूर्ण है इसकी मरम्मत के लिए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जावे।

## चैतन्य अस्पताल के डॉक्टरों की मेहनत से 25 दिन के नवजात को मिला जीवनदान

# नन्ही जान, बड़ी जंग व डॉक्टरों का चमत्कार मौत के दरवाजे से लौटकर आया मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुंदेलखंड संभाग के चिकित्सा इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सागर के चैतन्य हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने एक मात्र 25 दिन के नवजात शिशु को मौत के मुँह से बाहर निकालकर एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल की है। यह मामला न केवल जटिल था, बल्कि चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, सागर संभाग में अपनी तरह का पहला रिपोर्टेड केस है।

### अत्यंत दुर्लभ बीमारियों से बचाया

जब नवजात को अस्पताल लाया गया, तो वह तेज बुखार, पेट में सूजन और गंभीर संक्रमण से जूझ रहा था। विस्तृत जांच में जो सामने आया, उसने डॉक्टरों को भी हैरान कर दिया। शिशु एक साथ चार जानलेवा स्थितियों से लड़ रहा था। मल्टीपल लीवर एब्सेस जिसमें लिवर में मवाद (पस) जमा हो जाना। सेप्टीसीमिया विथ मेनिनजाइटिस जिसमें रक्त में गंभीर संक्रमण के साथ दिमागी बुखार, गंभीर एस्टेट्स जिसमें पेट में अत्यधिक तरल पदार्थ का जमा होना जैसी बीमारियों से जूझ रहा था। सीनियर पीडियाट्रिशियन डॉ. पी.एस. ठाकुर ने बताया कि दुनिया भर के चिकित्सा साहित्य में इस तरह के बहुत कम मामले दर्ज हैं। ऐसी जटिल स्थिति में जीवित बचने की दर महज 50% होती है। 1 माह से छोटे बच्चे पर इतनी जटिल प्रक्रिया करना चिकित्सा टीम के लिए एक बड़ी चुनौती थी।



### कैसे मिली सफलता

शिशु की जान बचाने के लिए लिवर से पस निकालना अनिवार्य था। अस्पताल की सर्जिकल और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिकल टीम, जिसमें डॉ. विशाल गजभिये, डॉ. श्रेया ठाकुर और डॉ. सनी गुप्ता शामिल थे, ने एक साहसिक निर्णय लिया। टीम ने यूएसजी गाइडेंस के तहत लिवर में 'पिगटेल कैथिटर' डालकर सफलतापूर्वक मवाद को बाहर निकाला। यह प्रक्रिया इतने छोटे बच्चे के लिए अत्यंत जोखिम भरी थी, जिसे टीम ने निपुणता से अंजाम दिया। गहन निगरानी और समर्पित उपचार के बाद, बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। परिजनों ने चैतन्य हॉस्पिटल की टीम को 'देवदूत' बताते हुए आभार व्यक्त किया है। विगत 18 वर्षों से सेवा दे रहा चैतन्य हॉस्पिटल अब जटिल नवजात रोगों के उपचार में एक मिसाल बन गया है। यह सफलता सिद्ध करती है कि अब बड़े शहरों की ओर भागने के बजाय, सागर में ही विश्वस्तरीय और जटिल सर्जरी संभव हैं।

## तहसीलदार बने रक्षकः सीवियर अटैक से बेहोश हुए राजेश नायक की सीपीआर देकर बचाई जान

सागर। मानवता और तत्परता की मिसाल पेश करते हुए सागर ग्रामीण तहसीलदार राहुल गौड ने राजेश नायक को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया। तहसील कार्यालय के राजेश नायक को अचानक सीवियर अटैक आया और वे बेहोश होकर गिर पड़े, तो तहसीलदार ने बिना वक्त गंवाए उन्हें प्राथमिक उपचार देकर नई जिंदगी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजेश नायक अचानक अस्वस्थ महसूस करने लगे और कुछ ही पलों में जमीन पर गिरकर अचेत हो गए। स्थिति को भांपते हुए तहसीलदार राहुल गौड तुरंत उनके पास पहुंचे। व्यक्ति की नब्ज और सांसों को थमता देख तहसीलदार ने स्वयं उन्हें सीपीआर देना शुरू किया। उन्होंने एंबुलेंस का इंतजार करने के बजाय, संवेदनशीलता दिखाते हुए राजेश नायक को अपने सरकारी वाहन में तत्काल नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। रास्ते भर वे मरीज की स्थिति पर नजर बनाए रहे।

## लोगों को नाले के पास दिखा कंकाल लग गई भीड़, पुलिस को बुलाना पड़ा




**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना इलाके में शनिवार के दिन उस समय हड़कंप मच गया। जब एक नाले के नजदीक नर कंकाल पड़े होने की सूचना मिली। यह खबर कुछ इस कदर फैली की मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरक्षित तरीके से अवशेषों को अपने कब्जे में लिया। यह पूरी घटना गढ़ाकोटा थाना इलाके के संजरा तिगड्डा के पास से सामने आई है। जानकारी के मुताबिक संजरा तिगड्डा के पास स्थित नाले के नजदीक से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर पानी के पास पड़े एक नरकंकाल पर पड़ी। जिसे देखते ही ग्रामीणों के बीच चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते वहां दर्जनों की संख्या में लोग जमा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जानकारी लगते ही गढ़ाकोटा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाए और नरकंकाल को अपने कब्जे में लिया। बताया जा रहा है की यह कंकाल काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। जिसके कारण मौके पर उसकी शिनाख्त करना फिलहाल मुश्किल है। पुलिस अब आसपास के इलाकों और थानों में दर्ज पिछले कुछ महीनों की गुमशुदगी की शिकायतों को खंगाल रही है। बारीकी से मामले की जांच शुरू की गयी है। मामले में गढ़ाकोटा थाना प्रभारी शुभम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की मानव का जो कंकाल मिला है। उसका मेडिकल टीम द्वारा परीक्षण कराकर डीएनए भी कराएंगे। जो भी गुम इंसान हैं उसकी भी जांच कराएंगे।



## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गढ़ाकोटा से 14 तीर्थ यात्री मां कामाख्या देवी के लिए रवाना हुए

**गढ़ाकोटा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गढ़ाकोटा नगर से चयनित 14 तीर्थ यात्रियों को अभिषेक भार्गव एवं नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने फूल माला पहनकर स्वागत कर गढ़ाकोटा से एक वाहन द्वारा सागर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। जहां से तीर्थ यात्री ट्रेन द्वारा मां कामाख्या देवी (असम) के पावन दर्शनों हेतु प्रस्थान करेंगे । तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए पं.भार्गव ने कहा कि ट्रेन वातानुकूलित है। तीर्थ यात्रियों को चाय नाश्ता, भोजन सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं। नगर से तीर्थ यात्री जा रहे हैं सभी को शुभकामनाएं दी। मनोज तिवारी ने मां कामाख्या से सभी श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा तथा समस्त क्षेत्रवासियों की मनोकामनाओं की प्रार्थना है।



## बिजली कंपनी से सूर्यकांता पांडे एवं नंदराम तथा महासंघ के किशोरी हुए सेवानिवृत्त

**सागर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सागर मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्यरत नंदराम अहिरवार, मीटर परीक्षण संभाग में कार्यरत किशोरी लाल रैकवार एवं लेखा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत सूर्यकांता पांडे लगभग 40 वर्षों की सेवा उपरांत अपनी अधिवर्षकी आयु पूर्ण कर 31 जनवरी को रिटायर हो गए हैं। मकरोनिया स्थित कार्यालय में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई । तीनों कार्यालय सहायकों की प्रशंसा करते हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित

**सागर ।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ. अंबेडकर चेयर द्वारा महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. विनोद सेन ने कहा कि ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था महात्मा गांधी का सपना था, गांधी का चिंतन एवं दर्शन आज भी महत्वपूर्ण है, भारतीय नहीं पूरे विश्व के लिए उनके विचार आज भी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, ग्राम स्वराज गांधी का सपना था। इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर चेयर के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर और महात्मा गांधी ने दोनों ने मानवता के लिए अपना जीवन दिया। डॉ. अंबेडकर चेयर का उद्देश्य इन महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आर.टी बेंद्रे ने की, कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. जनार्दन, डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. गौतम प्रसाद, रामकृष्ण रजक, समेक,जितेंद्र ,अभय कुमार आदि उपस्थित रहे ।

## चेहरे की सफलता का रंग विश्व के सारे रंगों में प्रथम स्थान पर हैः डॉ अमर कुमार जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल मेन पानी की पाचार्य में अंजू श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतीक रजक तहसील दार नरयावली, मुख्य वक्ता डॉ अमर कुमार जैन जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना विशिष्ट अतिथि प्राचार्य आईटीआई पूजा तिवारी तथा परमानंद सेन टीपीओ रहे। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक मनोज नेमा, विशाल चौबे, राजेश दुबे, मनोरमा सिंह, शैलजा चौहान, शिवाकांत अहिरवार, विनोद यादव सहित छात्र छात्राएं मौजूद थी।

करियर काउंसलिंग में मुख्य वक्ता डॉ अमर कुमार जैन ने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता का रंग विश्व के सारे रंगों में प्रथम स्थान पर है। दूध में घी होता है व मूंगफली में तेल होता है लेकिन उनसे दिए नहीं जलाए जा सकते है लेकिन जब दूध तपकर घी बनता है और तेल की पिराई होकर उसमें से तेल निकलता है तो फिर उनसे दीपक जलाए जाते हैं जो अंधकार को दूर करते हैं। इसी प्रकार विद्यार्थी अगर अपने आप को परिश्रम से तपाता है तो फिर वह भी उजाला देने के लायक बनता है। स्नातक की विद्यार्थी यूपीएससी, पीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में सहभागिता कर सकता है। अपने दसवीं के बाद विद्यार्थियों को लिए जाने वाले विषयों के संबंध में भी गहराई से जानकारी दी। सफलता एक दिन में नहीं मिलती है लेकिन लगातार परिश्रम करने से एक दिन अवश्य मिलती है। मुख्य अतिथि प्रतीक रजक तहसीलदार ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य में क्या बनाना है इसके संबंध में प्रश्न किए तो विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस, पुलिस और मिलिट्री सर्विस में जाना है। आपने नीट और जे ई ई परीक्षा के विषय में विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में समझाया। आपने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का परिश्रम के अतिरिक्त कोई दूसरा रास्ता नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में परिश्रम करने की ललक होती है जिससे सही मार्गदर्शन मिलने पर वह सफलता प्राप्त करते है। आईटीआई की प्राचार्य पूजा तिवारी ने कहा कि रोजगार के लिए आवश्यक व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दिए जाते हैं जहां से रोजगार की असीम संभावनाएं विद्यार्थियों को मिलती है। टी पी ओ परमानंद सेन ने कहा कि तकनीकी हाथ कभी बेरोजगार नहीं रहते प्लंबर, बिजली फिटिंग करने वाले, मशीन सुधारने वाले, लेथ मशीन पर चूड़ी बनाने वाले, टर्नर एवं फिटिंग का प्रशिक्षण कार्य आईटीआई में कराए जाते हैं। कार्यक्रम के पूर्व में सभी अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विशाल चौबे ने तथा आभार मनोज नेमा ने माना।



## आईटी ब्यूटी ट्रेड की छात्राओं को एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह का भ्रमण कराया

गढाकोटा। सागर जिले के शासकीय कन्या उ.माध्य विधालय से व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत आईटी एवं ब्यूटी बेलनेश ट्रेड की कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं को दमोह स्थित एकलव्य विश्वविधालय एवं नर्सिंग कॉलेज का भ्रमण कराया गया। संस्था के प्राचार्य हरिशंकर सोनी ने बताया कि यह इस सत्र का तीसरा एवं अंतिम औद्योगिक भ्रमण है इस प्रकार के भ्रमण छात्राओं के लिए स्कूल एवं उच्चशिक्षा से जोड़ने का कार्य करते है जिससे छात्राओं को भविष्य में ज्ञानवर्धन एवं रोजगार प्राप्ति के लिए सहायक होते हैं। संस्था में व्यूटी ट्रेनर शिवी गौर एवं आई.टी ट्रेनर प्रभांशु रैकवार, समीक्षा पाठक मेडम, प्रिया सोनी मेडम का मार्गदर्शन रहा।

### रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन प्रारंभ

## श्रद्धा और विश्वास है तो जीवन में सब कुछ मिलता हैः प्रेमभूषण महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

रामचरित मानस का लाभ प्राप्त करने के लिए मनुष्य के अंदर श्रद्धा भाव सबसे आवश्यक है। मानस जी का प्रारंभ भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के प्रसंग से शुरू होता है। इसके पीछे भी यह सबसे बड़ा कारण है कि भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं और माता पार्वती श्रद्धा की प्रतीक हैं। जिस मनुष्य में श्रद्धा और विश्वास का भाव उपस्थित होगा वही रामचरितमानस में गोता लगाकर भगवान का दर्शन प्राप्त कर सकेगा। यह उद्गार सागर स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन प्रारम्भ करते हुए पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए व्यक्त किए। सरस श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के पावन संकल्प से आयोजित सात दिवसीय रामकथा गायन के क्रम में कहा कि श्रद्धा और विश्वास नहीं है तो कुछ भी प्राप्ति नहीं होती है। जैसे संशय स्वरूपा माता सती श्रीराम कथा सुनने गई लेकिन कथा उनके कान में नहीं उतरी। जिसकी जितनी श्रद्धा दृढ़ है उसको उतनी ही भगवद् फल की प्राप्ति है। श्रद्धा में अर्पण और समर्पण हो तो श्रद्धा अवश्य फल प्रदान करती है।



पूज्यश्री के अनुसार-हम जो करते हैं उस पर हमें ही विश्वास नहीं होता है तो फिर कैसे भगवान का दर्शन होगा। खटपट मिटे तो झटपट दर्शन होगा। लाख कोई समझाए भटकना नहीं है। जो इष्ट हैं उनमें केवट भैया और शबरी मैया की तरह से निष्ठ रहना है। सुग्रीव जी की तरह नहीं बनाना है। भगवान से मिलने के बाद भी संसार में लिपट कर भगवान को ही भूल गए।

पूज्य महाराज जी ने कहा कि हम जिस युग में जी रहे हैं वहां कोई भी मनुष्य विकारों से दूर नहीं रह पाता है। कामनाओं के मैल मन में तरह-तरह के विकार पैदा करते रहते हैं और इससे मनुष्य का जीवन कष्टमय हो जाता है। अगर हम सहज रहना चाहते हैं, सहज जीना चाहते हैं तो हमारे पास इस कलियुग के मैल को काटने और धोने का एकमात्र साधन है श्री राम कथा। काम, क्रोध, लोभ, मद और मत्सर आदि विकार कलिमल कहे जाते हैं। इससे बचने का एकमात्र सहज साधन श्री राम कथा ही है। मानस जी में लिखा है इस कथा को जो सुनेगा, कहेगा और गाएगा वह सब प्रकार के सुखों को प्राप्त करते हुए अंत में प्रभु श्री राम के धाम को भी जा सकता है।

पूज्यश्री ने कहा कि जब मन पर कलिमल का प्रभाव हो तो चाह कर भी मनुष्य सत्कर्म के पथ पर आगे नहीं बढ़ पाता है। मनुष्य का मन और उसकी बुद्धि उसके अपने कर्मों के अधीन है। हम जो भी कर्म करते हैं उसे हमारा क्रियमाण बनता है। यही कर्म फल एकत्र होकर संचित कर्म होता है और फिर कई जन्मों के लिए यह प्रारूप प्रारब्ध के रूप में जीव के साथ जुड़ जाता है। सत्कर्मों से जिसने भी अपने प्रारब्ध को बेहतर बना रखा है, इस जन्म में भी सत्कर्मों में उसी की गति बन पाती है। अन्यथा बार-बार विचार करने के बाद भी हम उस पथ पर अपने को आगे नहीं ले जा पाते हैं।पूज्य श्री ने कहा कि अगर हमारे घर में जीवित माता-पिता हैं तो वही हमारे भगवान हैं। माता-पिता की सेवा करके हम वह सब प्राप्त कर सकते हैं जो हम भगवान से चाहते हैं। श्री रामचरित मानस में यह बताया गया है की माता-पिता की आज्ञा मानने वाले, गुरु और अपने से बड़ों की आज्ञा मानने वाले सदा ही सुखी रहते हैं। उन्होंने बताया कि धरती पर तीन प्रकार के लोग होते हैं। एक तो अपने प्रारब्ध के कारण सब कुछ जानने के कारण उचित कार्य ही करते हैं।



## कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जनमानस के बीच पहुंच कर पार्टी का संदेश पहुंचाएंगे : मोहासा

**सागर।** मकरोनिया पद्माकर नगर में स्थित जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण कार्यालय में जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड सागर ग्रामीण की जिला स्तरीय संघटनात्मक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा के मुख्यातिथिय में एवं अध्यक्षता जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष संजय रोहिदास ने की । इसमें बताया कि जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड सागर ग्रामीण की संघटनात्मक बैठक का एजेंडा इस प्रकार है जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी, पंचायत, मंडलम वार्ड का गठन पंचायत और वार्ड चलो अभियान, मासिक ध्वज बंधन कार्यक्रम, ब्लॉक स्तर पर मासिक बैठक एवं मेंबरशिप अभियान चलाया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम यंग ब्रिगेड विधानसभा प्रभारी की निगरानी मै होंगे जिसकी रिपोर्ट समय-समय पर विधानसभा प्रभारी जिला कांग्रेस यंग ब्रिगेड अध्यक्ष को सौंपेंगे। बैठक में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी मनोज पवार, पार्षद सीमा चौधरी, अजय अहिरवार, कमल चौधरी, अनिल सोनी, नरयावली विधानसभा प्रभारी नीलेश दुबे, बंडा विधानसभा प्रभारी विनोद पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव, खुरई विधानसभा प्रभारी अमित लोधी, विधानसभा प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष शाकिर राइन, विकास दांगी, आतिश जैन, प्यारेलाल पटेल, मुकेश अहिरवार मौजूद रहे।

## मासूमों को लीलने वाला मौत का टैंक अब भी खुला हुआ, सुरक्षा के इंतजाम नहीं

# एक ही चिता पर दो भाइयों को देखकर भी नहीं जागा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शिवनगर कॉलोनी में विगत रात्रि तब एक दुःखद हादसा हो गया। ज़ब दो सगे मासूम भाई खेलते खेलते एक निर्माणाधीन मकान में पहुंच गए और फिर उस मकान में स्थित पानी के टैंक में उनकी लाश मिली। लेकिन गंभीर बात तो ये है कि इस दर्दनाक हादसे के बाद भी प्रशासन की लापरवाही बरकरार रही क्योंकि उक्त मौत के टैंक को खबर लिखे जाने तक बंद नहीं किया गया जिससे खतरा अभी भी बना हुआ है। प्रशासन ने उक्त हादसे के बाद मकान मालिक और ठेकेदार पर लापरवाही का केस दर्ज कर अपनी इतिश्री पूर्ण समझ ली। हादसे के बाद भी खुला हुआ टैंक अगले हादसे को आमत्रंण दे रहा है।

ग्राम लखौरा निवासी सचेंद्र यादव अपने दो बेटों 7 वर्षीय आशीष और 5 वर्षीय नरेंद्र की पढ़ाई के लिए शिव नगर कॉलोनी में किराए से रहते थे। गत शुक्रवार दोपहर के समय स्कूल से आने और खाना खाने के बाद दोनों बच्चे घर के बाहर खेलने निकले थे। देर शाम तक जब बच्चे घर नहीं लौटे, तो उनकी मां ने बच्चों की तलाश शुरू की। खोजबीन के बाद संदेह होने पर कॉलोनी में ही स्थित निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक के पानी को ज़ब खाली कराया तो उस टैंक में दोनों बच्चे मृत पाए गए। कॉलोनीवासियों ने बताया कि प्रतिदिन तो इस मकान के आसपास मोहल्ले की महिलाएं बैठकर चर्चा करती रहती थीं लेकिन शुक्रवार के दिन एक घर में आयोजन होने की वजह से उस समय बहाँ कोई नहीं था जिसकी वजह से किसी को उक्त हादसे के बारे में खबर नहीं लग पाई।





### लापरवाही का केस तो किया दर्ज लेकिन खतरा अब भी दे रहा खुला आमंत्रण

उक्त दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र घोष ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और मकान मालिक व ठेकेदार पर केस दर्ज किया। थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह घोष के मुताबिक, निर्माणाधीन मकान के मालिक पुष्पेंद्र यादव और निर्माण करा रहे ठेकेदार रामपाल परिहार के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। हादसे के बाद से ही मकान मालिक और ठेकेदार के कर्मचारी मौके से नदारद हैं। लेकिन गंभीर बात ये है कि इतना दर्दनाक हादसा घटित होने के बाद भी प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। क्योंकि निर्माण स्थल पर उक्त टैंक अभी भी खुला हुआ है। उसे ढँका नहीं गया। जिसकी बजह से मौत के गड्ढे रूपी उक्त टैंक अब भी हादसे को खुला आमंत्रण दे रहा है। इतने बड़े हादसे के बाद भी निर्माणाधीन मकान में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। टैंक में बच्चो की चप्पल तैरती दिख रही है।

### सीसीटीवी से खुला गायब हुए बच्चों का राज

दोपहर 3 बजे खेलने जाने के बाद ज़ब दोनों बच्चे देर शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परेशान परिजनों ने बच्चों की खोजबीन शुरू की लेकिन ज़ब बच्चे कहीं नहीं मिले तब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसमें दोनों बच्चे शाम करीब 5 बजे तक कॉलोनी में खेलते नजर आए, लेकिन ढाई घंटे बाद शाम साढ़े 7 बजे उनके शव पास ही एक निर्माणाधीन मकान के खुले हुए सेप्टिक टैंक से बरामद किए गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने बताया कि पास लगे सीसीटीवी कैमरे में बच्चे 5 बजे तक खेलते दिखाई दिए। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला, जिससे परिजन चिंतित हो गए और तलाश शुरू की गई। खोजबीन के दौरान लोगों की नजर कॉलोनी में स्थित एक निर्माणाधीन मकान पर गई। वहां सेप्टिक टैंक खुला पड़ा था और किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। आशंका है कि खेलते-खेलते दोनों बच्चे टैंक में गिर गए। तब मोटर लगाकर सेप्टिक टैंक का पानी निकाला गया, जिसमें अंदर दोनों बच्चों के शव दिखाई दिए।

दोनों मासूम बच्चो का पैतृक ग्राम लखौरा ले जाकर बही पर अंतिम संस्कार किया गया। शनिवार को दोनों मासूम भाइयो को उनके पैतृक गांव में ज़ब एक ही चिता पर लेटाया गया तो हर किसी की आंखे नम हो गईं। घटना के बाद से दोनों बच्चों की मां गहरे सदमे में चली गई। वह बार-बार पूछ रही है कि मेरे बच्चे कहां हैं? लेकिन माँ के इस सवाल का जबाब किसी के पास नहीं। हर ब्यक्ति के मन में सिर्फ एक ही सवाल था कि इन मासूम भाइयो की मौत का जिम्मेदार कौन है? एक लापरवाही की बजह से दो भाइयो की जान चली गईं। अगर वह टैंक ढँका हुआ होता तो हादसा नहीं होता। अगर रोज की भांति उस वक्त भी कोई बहाँ मौजूद होता तो बच्चो की जान बच सकती थी। शाम 5 बजे से साढ़े 7 बजे के बीच ये हादसा हुआ।

## मुख्यालय से पलेरा तक खनिज अधिकारी की धड़पकड़

# अवैध खनिज को लेकर की जा रही लगातार कार्रवाई, 6 वाहन पकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कुछ समय पूर्व ही जिला खनिज अधिकारी के रूप प्रभार लेने वाले अधिकारी विपुल रावत द्वारा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर जिलेभर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। ताबड़तोड़ कार्यवाही का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिछले दो दिनों में लगातार कार्यवाही करते हुए खनिज अधिकारी रावत ने मुख्यालय से लेकर पलेरा तक वाहनो की धड़पकड़ की। इस दौरान 3 डंपर और 3 ट्रेक्टर पकड़कर थानों में रखे गए।

### शहर से कार्रवाई का श्रीगणेश, पलेरा तक रहा जारी

कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा खनिज बिभाग को निर्देशित किया गया था कि जिले में चल रहे अबैध खनिज उत्खनन व परिवहन पर सख्ती से लगाम लगाई जाये। उक्त निर्देश के बाद से ही खनिज अधिकारी रावत द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। शनिवार के दिन की शुरुआत गुलाब गार्डन के पास से ट्रेक्टर पकड़कर देहात थाना में रखकर की गईं। इसके बाद पलेरा की ओर रुख किया गया क्योंकि पलेरा क्षेत्र स्थित संजयनगर घाट पर अबैध परिवहन की लगातार शिकायतें मिल रही थी। हालांकि ज़ब खनिज बिभाग की टीम खनिज अधिकारी रावत के साथ मौके पर पहुंची तो बहाँ सिर्फ एक ट्रेक्टर मिला, जिसे पकड़कर कार्यवाही की गईं। इसके बाद पलेरा में एक डंफर पर भी कार्यवाही की गईं।

### एक दिन पूर्व शुक्रवार को भी हुई थी कार्रवाई



जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में खनिज अमले द्वारा शुक्रवार को मुख्यालय पर धड़पकड़ की गईं थी। आकस्मिक निरीक्षण एवं चेकिंग के दौरान खनिजों के अवैध परिवहन में लिप्त दो डंपर और एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर देहात पुलिस थाना की अभिरक्षा में रखा गया। शुक्रवार के दिन उक्त कार्यवाही गुलाब गार्डन के पास की गयी थी। खनिज अधिकारी रावत द्वारा बताया गया है कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

समारोह में 5 सेवानिवृत को पुलिस अधीक्षक ने दी भावभीनी विदाई

# आपका 4 दशकीय अनुभव अग्रिम पीढ़ी के लिए आदर्श : एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

दीर्घकालीन सेवा, सदैव प्रेरणास्त्रोत रूप में उपयोगी रहती है लेकिन लंबे सेवा कार्यकाल का अनुभव, आने वाली पीढ़ी के लिए एक आदर्श रूप में काम आता है। उक्त वक्तव्य पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित ससम्मान विदाई समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान व उदबोधन किये जाने के दौरान व्यक्त किये गये। उक्त कार्यक्रम में पुलिस का आपसी स्नेह और सम्मान देखने को मिला। इस दौरान 2 सहायक उपनिरीक्षक व 3 प्रधान आरक्षकों को भावभीनी विदाई दी गईं। और सभी के दीर्घकलिक अनुभवी सेवा को स्मरणीय बताया गया।

जिला पुलिस में अपनी दीर्घकालीन, अनुकरणीय और समर्पित सेवाओं के उपलक्ष्य में 38 वर्षीय सेवाकालधारी सहायक उपनिरीक्षक महेश नापित, 38 वर्षीय सेवाकालधारी तेज सिंह ठाकुर, 39 वर्षीय सेवाकालधारी प्रधान आरक्षक चरण सिंह राय, 33 वर्षीय सेवाकालधारी चौदे लाल एवं 32 वर्षीय सेवाकालधारी एहसान अली का ससम्मान सेवानिवृत्ति समारोह पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस मोमेंटो भेंट कर गरिमापूर्ण विदाई दी। एसपी मंडलोई ने उनके लंबे और समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सुखद और सम्मानजनक जीवन की शुभकामनाएँ प्रदान की। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी और स्टाफ एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिवारजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने इस अवसर पर अधिकारियों के कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका अनुभव और योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

समारोह के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी, जिसमें सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। इस मौके पर अधिकारियो द्वारा आशा करते हुए कहा गया पुलिस एवं अधिकारी यह संकल्प करते हैं कि जिले की सेवा में योगदान देने वाले इन समर्पित अधिकारियों के आदर्श और पदचिह्न सदैव स्मरणीय रहेंगे और उनके मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर निरंतर उत्कृष्ट सेवा प्रदान की जाएगी।



### एसपी मंडलोई के निर्देशन में कसा गया खुले में मांस बिक्री पर शिकंजा

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के तहत प्रदेशभर में खुले में मांस विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाये जाने को लेकर सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त क्रम में पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ हिमानी खन्ना, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय खत्री के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में खुले में मांस विक्रय से संबंधित गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए स्थानीय प्रशासन के समन्वय से कठोर एवं वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत बुढेरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज यादव एवं बुढेरा थाना की पुलिस टीम द्वारा पुलिस बल के साथ 30 जनवरी को कस्बा भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र में खुले में संचालित अंडा, मांस एवं मछली बाजार को तत्काल प्रभाव से हटवाया गया। साथ ही संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त न पाए जाने हेतु कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई ने बताया कि टीकमगढ़ पुलिस द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा एवं शासन के निर्देशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मंडलों में संपन्न हुआ हिंदू सम्मेलन

# सभी समाजों को एक होकर सहेजनी होगी हिंदू संस्कृतिः शिरीष मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की बल्देवगढ़ तहसील अंतर्गत हटा सहित अन्य मंडलों में भव्य रूप में हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपन्न किया गया। जिसमें आहवान करते हुए मुख्यवक्ता शिरीष विहारी मिश्रा ने कहा कि अगर राष्ट्र को विश्वगुरु बनाना है तो रामचरितमास का अनुसरण करना होगा। आगे आने बाली पीढ़ी में सभी समाजों को एक होकर हिंदू संस्कृति को सहेजना होगा। तब अपना भारत एक सशक्त राष्ट्र बन सकेगा।



जिले में इन दिनों सभी मंडलों एवं बस्तियों में विशाल हिंदू सम्मेलन चल रहे है, महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर इसका जागरण किया जा रहा है एवं बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जा रही है, जिसमें संत वचनों का आशीर्वाद, मातृ शक्ति द्वारा कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण पर व्याख्यान, मुख्य संध वक्ता द्वारा हिंदू संस्कृति भारतीय संस्कृति और सभी समाजों की एकजुटता का महत्व बताया जा रहा है, जिससे आज की पीढ़ी में भी हिंदू संस्कृति पुनः जीवंत हो। अंत में भारत माता की स्तुति गाई गई एवं सभी समाजों ने समरसता भोज किया। बल्देवगढ़ तहसील के हटा मंडल में भव्य हिंदू सम्मेलन हुआ जिसमें मातृ शक्ति और ग्रामीण जनों का जन सैलाब उमड़ पड़ा, संत के रूप में अभिषेक महाराज, मुख्य वक्ता शिरीष बिहारी मिश्रा व मातृशक्ति से शीलम मिश्रा उपस्थित रही, साथ ही मुख्य अतिथि जंगबहादुर सिंह, विभाग संयोजक अमर प्रताप सिंह सहित कार्यक्रम संयोजक विनोद आदित्य तिवारी, पालक जानकी अहिरवार, सुभाष वैध, रवि सक्सेना, स्वप्निल तिवारी, ध्रुव राजा, राणा राजा, आशीष साहू, दिनेश असाटी, तुलसी गोंड, राजेश सोनी, बाबे राजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मेहनत करते नजर आए। इसके अलावा कन्नपुर,पटोरी, बड़ागांव नगर, कारी, अजनौर एवं नंदीश्वर बस्ती में भी मुनि समर्थसागर आदि संत जनों की उपस्थिति में भव्य हिंदू सम्मेलन हुए। मुख्य वक्ताताओं ने कहा कि हम अपनी संस्कृति से वेद पुराणों से दूर होते जा रहे हैं, हमें भारत कैसा चाहिए, इसको समझने के लिए तो रामायण को पढ़ना होगा, राष्ट्र के लिए त्याग देखना है तो रामायण एवं सामाजिक समरसता देखनी है तो रामायण तथा कर्त्तव्य परायण देखना है तो आदर्श मानव जीवन पूरा रामचरितमानस पढ़ने से मिलेगा, भारतीय संस्कृति हिंदू संस्कृति से ही भारत देश वैश्विक मंच पर विश्व गुरु बनकर अपनी अलग पहचान बना सकेगा, इसके लिए हम सबको, सभी समाजों को एक होकर हिंदू संस्कृति की रक्षा एवं आगे की पीढ़ी में संस्कार भरना होगा।

### तीमारदार ने डॉक्टर पर किया जानलेवा हमला

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बारौन में रहने वाले डा.बृजकिशोर पुत्र किशनलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह जिला अस्पताल में नियुक्त है। आरोप है कि बीते रोज वह अस्पताल की इमरजेंसी में ईएमओ पद पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी एक मरीज आया, उसके साथ तीन लोग भी तीमारदार के रूप में आये, जिनके साथ एक बच्चा बीमार था। हालत गंभीर होने के कारण वह उसका उपचार कर रहा था। इसी बीच उन्होंने मदद के लिए कॉल पर बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह ले रहा था, तभी मरीज को बेहतर उपचार के लिए उन्होंने बात की, तभी किसी बात को लेकर तालबेहट के हर्षपुर निवासी शिवम यादव पुत्र फारसी उसके साथ मारपीट करने लगा। गाली-गलौज होते देख इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी मच गयी, जिससे मरीजों का इलाज बाधित हो गया और इमरजेंसी कार्य कुछ समय बाधित हो गया।

## बड़ागांव धसान महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ क्रिकेट टूर्नामेंट से किया

# पहले मैच में मडावरा तो दूसरे मैच में पृथ्वीपुर की रोमांचक जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

नगर के स्थानीय वार्ड नंबर 1 मिथिला खेरा स्टेडियम में 31 जनवरी को बड़ागांव महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ क्रिकेट टूर्नामेंट से किया गया। जिसमें दो रोमांचक मैच खेले गए, जिसमें से पहले मैच में मड़ावरा टीम ने मऊरानीपुर टीम को 14 रन से हराकर जीत हासिल की। बही दूसरे मैच में पृथ्वीपुर ने विजावर टीम पर 4 विकेट से आसान जीत हासिल की।

महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी राकेश गिरीं गोस्वामी ने डिपजॉल कर क्रिकेट टूर्नामेंट का रिबन काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप मे दिनेश अहिरवार कनिष्ठ यंत्री बडागांव एवं समाज सेवी हरचरण विश्वकर्मा उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के अंतर्गत आज दो मैच खेले गए। पहला मैच मड़ावरा व मऊरानीपुर के मध्य हुआ। जिसमे मड़ावरा टीम ने 12 ओवर में कुल 128 रनों का लक्ष्य मऊरानीपुर टीम को दिया, जिसके जवाब में मड़ावरा टीम ने 14 रनों से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच रिजक को चुना गया। दूसरा मैच विजावर और पृथ्वीपुर के मध्य खेला गया, जिसमें विजावर टीम मात्र 51 रनों पर आल आउट हो गई, जिसके ज़वाब में पृथ्वीपुर टीम ने 4 विकिट से शानदार जीत हासिल की। मैंन आफ द मैच रचित को घोषित किया गया। जिन्होंने 6 विकिट लिए और 27 रन बनाए। मैच संचालक मुकेश सेन ने बताया कि कल का मैच दमोह और टीकमगढ़ के मध्य खेला जाएगा। जो भी इस में से मैच जीतेगा, उसी का दूसरा मैच खेला जाएगा। आयोजन कमेटी अध्यक्ष मुकेश सेन, संजय गुप्ता, सनी पठान, स्वदेश तोमर, सोहित पांडे ने बताया है कि यह टूर्नामेंट दिनांक 30 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्कूली बच्चो को लेकर कई प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया जाएगा।







उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदगण कपिल नामदेव, रानू सिंघई, अज़ीज़ खान, गगन फणींद्र, फतेह विश्वकर्मा, राकेश यादव, रमेश अहिरवार, मोहना अहिरवार सहित पूर्व चेयरमैन रमेश पांडेय, पूर्व पार्षद राजेन्द्र खरें, सुनील चोरसिया, हरीश गुप्ता, सनी पठान राघवेन्द्र सिंह, लल्लू पठान, रोहित पांडे, देविंद्र चोरयाल, स्वदेश तोमर, रुद्र प्रताप सिंह, संजय गुप्ता, रवि पांडे, सोमाराम विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, रितिक राजा, गोकुल विश्वकर्मा, अंकुश शुक्ला, आकाश, विकास पांडे, बिक्की राय, भूरे राय, सहित सैकड़ों नगर वासी उपस्थित रहे।

## ठीक से जवाब नहीं मिलने पर खोना पड़ेगा मत देने का अधिकार

# श्योपुर में 1 लाख 37 हजार 475 मतदाता संदिग्ध,जारी होंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार एसआईआर अभी तक पूरी की गई प्रक्रिया के बाद जिले में मतदाताओं से जो फार्म भरवाए थे उनकी जांच पड़ताल के बाद अब जिले में एक लाख 37 हज़ार 475 मतदाता सस्पेक्टेड मिले हैं। इन मतदाताओं में मिसमैच ओर लॉजिकल खामी वाले मतदाता शामिल हैं। हालांकि जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर ऐसे मतदाओं की सुनवाई कर जबाव आमंत्रित किए जाने की तैयारी प्रशासन ने कर ली है। इसके लिए जिले में 65 एआईआरओ नियुक्त कर दिए हैं जो मतदान केंद्रों पर बैठकर नोटिस जारी करने के साथ जवाब एकत्रित करेंगे लेकिन इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नोटिस निकलने से घबराहट तो फैलना लाज़मी है।



### इस तरह देख सकते हैं 2003 का विवरण

जिन लोगों को 2003 का डाटा नहीं मिल पाया है. ऐसे सभी लोग भारतीय चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर अपने राज्य, जिले का चयन करने के पश्चात जो विधानसभा लगती है। उसका चयन कर सकते हैं. इसके बाद जिस बूथ अर्थात जिस विद्यालय ब्लॉक या अन्य स्थान पर वह वोट डालते आए हुए हैं। उसको सिलेक्ट करते हुए आप अपनी वोट की पूरी डिटेल हासिल कर सकते हैं। इसके माध्यम से जो आपको विधानसभा संख्या, भाग संख्या, क्रमांक संख्या मिलेगी। उसकी फोटो कॉपी के साथ आप उल्लेख कर सकते हैं।

मध्य प्रदेश में मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का पहला चरण पूरा हो गया है। प्रारंभिक मसौदा प्रकाशित किया जा चुका है। चुनाव आयोग ने मसौदा सूची से लगभग 42 लाख मतदाताओं के नाम हटाने की पहचान प्रदेश में की है, इनमें से एक दो लाख से अधिक मतदाता श्योपुर जिले में मिले हैं। इनमें मृत, डुप्लीकेट एंट्री वाले, अनुपस्थित और पते बदल चुके मतदाता शामिल हैं। जबकि 137475 मतदाताओं की जानकारी अधूरी पाई गई है, जिन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। इसके लिए जिले की दोनों विधानसभा में 65 एआईआरओ को नियुक्त किया गया है जो संबंधितों को नोटिस जारी कर जवाब तलब करेंगे।

### नोटिस के साथ दस्तावेज लगाकर दे सकते हैं जवाब

जिन मतदाताओं द्वारा फॉर्म में अपने 2003 की डिटेल नहीं भरी गई थी. ऐसे लोगों को नोटिस दिए जा रहे हैं. जिससे कि वह सभी अपनी डिटेल उपलब्ध करा दें. प्रशासन ने मतदाताओं को बताया कि फार्म में हाईस्कूल की मार्कशीट, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी, एससी, एसटी एवं अन्य कोई जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, प्राधिकारी द्वारा परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी कोई भी मकान आवंटन प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र सहित लगभग 13 प्रकार के दस्तावेज में से कुछ भी जमा कर सकते हैं. जिसका पूरा विवरण नोटिस में उपलब्ध है।

### इनका कहना है

जिले मे 1 लाख 37 हज़ार 475 मतदाताओं को नाम मिसमैच होने अथवा लॉजिकल मिस्टेक के चलते सत्यापित नहीं किया गया जा सका है। ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी कर जवाब तलब किए जा रहे हैं।

**संजय जैन**
**उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्योपुर**

---

## रेल संरक्षा आयुक्त ने किया सबलगढ वीरपुर नव निर्मित रेल लाइन का निरीक्षण

# रेल लाइन का मोटर ट्रॉली से हुआ निरीक्षण वीरपुर तक ट्रेन का संचालन जल्द होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले के वीरपुर रेलवे स्टेशन तक बडी ट्रेन का संचालन अब जल्द शुरू होने की उम्मीद बंध गई है। यह उम्मीद इसलिए बंधी है,क्योकि सबलगढ़- बीरपुर नव निर्मित 27.4 किलोमीटर ब्रॉड गेज लाइन का निरीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त (पूर्वोत्तर परिक्षेत्र) प्रणजीव सक्सैना के द्वारा अपनी टीम के साथ किया। इस दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ सबलगढ से वीरपुर स्टेशन तक रेल लाइन का मोटर ट्रॉली से निरीक्षण किया।

दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को रेल संरक्षा आयुक्त (पूर्वोत्तर परिक्षेत्र) प्रणजीव सक्सेना ने मंडल एवं निर्माण संगठन के अधिकारियों के साथ सबलगढ़-विजयपुर रोड हाल्ट स्टेशन के मध्य नव-निर्मित ब्रॉड गेज का मोटर ट्रॉली के माध्यम से निरीक्षण किया। इसके बाद दूसरे दिन शनिवार को श्योपुर जिले के वीरपुर स्टेशन तक सघन निरीक्षण किया गया। रेलवे विभाग के सूत्रों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने सम्बंधित रेलखंड के अंतर्गत आने वाले ट्रैक्शन, सिग्नल, गेट, ब्रिज, ट्रैक, ट्रैक-पॉइंट्स, कर्व आदि सभी संस्थापनों और उनकी कार्य क्षमता का बारीकी से परीक्षण किया।साथही पैनल, बैटरी कक्ष, ओएफसी कक्ष और रिले रूम सहित सभी नव-स्थापित उपकरणों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजकुमार वानखेड़े, मुख्य सिग्नल इंजीनियर दीपक कुमार सिन्हा, मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एस.के.गुप्ता समेत अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे।



### अब होगा पीसीईई निरीक्षण,उसके बाद दौड़ेगी ट्रेन

सबलगढ वीरपुर रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त के द्वारा निरीक्षण किए जाने के बाद अब इस रेल लाइन का पीसीईई (प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर इलेक्ट्रिकल) निरीक्षण होगा। हालांकि इस निरीक्षण की अभी तिथि निर्धारित नहीं हुई है,लेकिन रेल मंडल झांसी के पीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि पीसीईई निरीक्षण होने के बाद ही वीरपुर तक ट्रेन का संचालन शुरू हो पाएगा।

---

## खो-खो बालक वर्ग की टीम प्रथम व बालिका वर्ग की टीम तृतीय स्थान पर रही

# राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में श्योपुर के खिलाड़ियों ने किया बेहतरीन खेल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जबलपुर में खेलो एम.पी. यूथगेम्स 2025 अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में श्योपुर जिले के खिलाडियों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दरअसल श्योपुर जिले से चयनित 15 सदस्यीय बालक वर्ग एवं 15 सदस्यीय बालिका वर्ग के दल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी की थी। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरूण चौहान ने बताया कि श्योपुर की टीम ने खो-खो खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में प्रथम एवं बालिका वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्योपुर की टीम ने बालक एवं बालिका वर्ग में अपने-अपने पूल में सभी मैच जीतते हुए नाकआउट में प्रवेश किया। नॉकआउट मैंचो के प्री-क्वार्टर एवं क्वार्टर फाईनल मैच जीतते हुऐ दोनों वर्गो में टीम ने सेमीफाईनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मैंच में बालक वर्ग की टीम ने इंदौर को हराया तथा फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में श्योपुर की टीम ने जबलपुर की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार बालिका वर्ग में सेमिफाईनल मैंच में इन्दौर की टीम को कड़ी चुनौती दी, लेकिन श्योपुर की टीम को हार का सामना करना पड़ा एवं तृतीय स्थान हेतु हार्डलाईन मैंच में नरसिंहपुर को हराते हुए श्योपुर की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदाय किये गये। इसी प्रकार इन्दौर में आयोजित राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में श्योपुर जिले के विष्णु राठोर ने 65 कि.ग्रा. वजन वर्ग में स्वर्ण पदक तथा प्रशांत धाकड़ ने 60 कि.ग्रा. वजन केटेगरी में कांस्य पदक जीता। फुटबाल में श्योपुर जिले की बालिका वर्ग की टीम ने पहले संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 07 बालिका खिलाड़ियों का चयन ग्वालियर संभाग की टीम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये हुआ। जिसमें श्योपुर की बालिका खिलाडियों ने ग्वालियर सभांग की टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय खेलो एम.पी. यूथ गेम्स में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले समस्त खिलाड़ियों को क्रमशः 31000, 21000, 11000 एवं 7000 रूपये प्रति खिलाड़ी के मान से संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के माध्यम से पुरूस्कार स्वरूप दिये जाएंगे। जिले के सभी पदक प्राप्त खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धी एवं जिले का गौरव बढ़ाने के लिये कलेक्टर अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल सहित विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई है।




---

# लापता हुआ कराहल थाने का प्रधान आरक्षक सकुशल लौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रहस्यमय परिस्थितियों के बीच लापता बना कराहल पुलिस थाने का प्रधान आरक्षक विजय जादौन शनिवार को सकुशल घर लौटकर आ गया है। बताया जा रहा है कि प्रधान आरक्षक विजय जादौन बिना किसी कुछ बताए महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन चला गया था। उज्जैन में दो दिन रूकने के बाद प्रधान आरक्षक शनिवार की दोपहर को लौटकर अपने श्योपुर स्थित निवास पर पहुंचकर गया। जिसके बाद उसके परिजनो की जान में जान आई। क्योंकि प्रधान आरक्षक के अचानक लापता हो जाने से उसके परिवार के लोग सबसे अधिक परेशान बने हुए थे। यहां बता दें कि इस मामले में परिजन की ओर से कराहल थाना प्रभारी पर परेशान करने के आरोप लगाए थे। वहीं कराहल थाने में भी प्रधान आरक्षक के गुम होने की शिकायत परिजनो की ओर से दर्ज कराई गई थी। एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रधान आरक्षक उज्जैन चला गया था, जो वापस लौट आया है।

### छात्रावास अधीक्षक निलंबित

श्योपुर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा अंग्रेजी बालक आश्रम कराहल के छात्रों द्वारा आश्रम में साफ-सफाई करने संबंधी वीडियों सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में आश्रम शाला के अधीक्षक राजू सेमरिया के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में सेमरिया का मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहेला किया गया है।

### कंवरसली में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

श्योपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत सेक्टर प्रेमसर अंतर्गत ग्राम कंवरसली में सामाजिक जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिद्धांशी समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह, पंचायत के सरपंच जुगराज मेहरा, जनअभियान परिषद प्रेमसर सेक्टर प्रभारी दिनेश मीणा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय एवं नचिकेता की कथा के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य आधारित जीवन जीने, संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ने तथा समाज में जागरूकता लाने का संदेश दिया।

---

## कन्या उमावि में एमएस शाला की प्रभारी को सेवा निवृत्ति पर दी विदाई

# सेवानिवृत्त होने के बाद भी याद किए जाते हैं अच्छे शासकीय सेवकः गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शिक्षा के पेशे को समाज सेवा से जोड़कर देखे जाने की परंपरा शुरू से रही है, अब इस परंपरा में समय के साथ कमी देखने को मिल रही है लेकिन कुछ शिक्षक ऐसे हैं जो अभी भी गुरु शिष्य के रिश्ते को पिता पुत्र मां बेटा जैसा बनाए रखने में सफल रहे हैं। मालती सेंगर जैसी शिक्षिका रही है जो अभी तक इसी परंपरा को निभाए चली आ रही थीं। में सौभाग्यशाली रहा कि मुझे मालती सेंगर जैसी अच्छी कर्तव्यनिष्ट शिक्षिका अपने संकुल में मिली जिसके कारण हम परीक्षा परिणाम बेहतर बनाए रखने में सफल रहे। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने शनिवार को कन्या उमावि में की मिडिल स्कूल शाला की प्रभारी मालती सेंगर की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए कही।

कन्या उमावि परिसर में आयोजित हुए विदाई समारोह में पहुंचे डीईओ गर्ग ने सेवानिवृत हुई शिक्षिका सेंगर को शोल ओढ़ाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी सेवकों के लिए सेवा से निवृत होने यानी रिटायरमेंट का दिन उस समय ही सेवा पुस्तिका में लिख दिया जाता है जिस दिन वह अपनी जोइनिंग देता है।हमसे पहले भी जो नौकरी में आए थे सेवानिवृत होकर चले गए हम सबको भी सेवानिवृत्त होना है। ओर हम सब वो काम अच्छे करते भी हैं जिसकी अपेक्षा सरकार ने हमसे की है लेकिन अच्छे शासकीय सेवक वो होते हैं जिनके सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्हें याद किया जाए। इस दौरान कन्या उमावि संकुल के प्रभारी प्रिंसिपल भरत सिंह जाट ने सेवा निवृत शाला प्रभारी सेंगर के पति कंचन यादव, दामाद करण तनेजा, बेटी प्रतिभा एवं पुत्र आर्यन को भी स्टाफ की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान हरीश शर्मा, अजय श्रीवास्तव सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।



---

# नगर मंडल अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने श्योपुर जिले के विकास से जुडी विभिन्न मांगो को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें एक ज्ञापन में त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम को लेकर भी दिया गया है और कहा गया है कि राजस्थान सीमा में रामेश्वर धाम का विकास हो रहा है,लेकिन मप्र की सीमा में यह धार्मिक स्थल उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। यहां श्रद्धालुओ के स्नान करने के लिए एक सुविधाजनक स्नानघाट भी नहीं है। इसलिए प्रशासन की ओर से यहां धनुषाकार का स्नानघाट बनाए जाने का जो प्रस्ताव तैयार किया गया है,उस प्रस्ताव को शासन की ओर से जल्द ही मंजूरी दिलवाई जाए। यहां बता दें कि रामेश्वर धाम का जिस तरह राजस्थान सीमा में वहां की सरकार विकास करा रही है,उस तरह का विकास मप्र की सीमा में रामेश्वर धाम का नहीं हो रहा है। उपेक्षा के शिकार बने रामेश्वर धाम की स्थिति को लेकर बीते रोज हरिभूमि ने एक समाचार भी प्रकाशित किया था।



---


## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तैयारी शुरू,7 फरवरी से शुरू होगे पंजीयन

# 33 केंद्रों पर होगे गेहूं खरीदी के लिए ऑनलाइन पंजीयन, इस बार मिलेंगे 160 रुपए अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इस बार जिले में गेहूं की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है। हालांकि अभी गेहूं की फसल को तैयार होने में वक्त लगेगा,लेकिन समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी करने के लिए शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। जिसके चलते समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन किए जाने का कार्यक्रम शासन स्तर से जारी कर दिया गया है। गेहूं खरीदी के लिए ऑनलाइन पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगे और पूरी तरह निःशुल्क रहेगे। गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन करने के लिए श्योपुर जिले में 33 केन्द्र बनाए जा रहे है। जहां 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन किए जाएंगे।

खास बात यह है कि इस बार जो किसान अपनी गेहूं की फसल समर्थन मूल्य पर विक्रय करेगे,उन किसानों को पिछले साल की तुलना में इस साल 160 रूपए प्रति क्विंटल अधिक मिलेगे। यहां बता दें कि रबी सीजन के दौरान श्योपुर जिले में 1 लाख 4 हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल बोई गई है। अभी तक की स्थिति में जिलेभर में गेहूं की फसल अच्छी स्थिति में दिख रही है। इसलिए जिले के किसानों को इस बार गेहूं की पैदावार भी अच्छी होने की उम्मीद लग रही है। हालांकि गेहूं की फसल तैयार होने में करीब डेढ माह से दो माह का समय लगेगा। लेकिन समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए प्रशासन के द्वारा 33 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है।



### इन जगहों पर निशुल्क होगा पंजीयन

ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर गेहूं पंजीयन निशुल्क किया जाएगा। तहसील कार्यालयों के सुविधा केंद्रों और सहकारी समितियों व सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर भी पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। जबकि किसानों को एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन कराने के लिए शुल्क देना होगा। इन केंद्रों पर पंजीयन के लिए शुल्क राशि कलेक्टर निर्धारित करेंगे। प्रति पंजीयन 50 रुपए से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### पिछले साल मिले थे 2425 रुपए,इस बार मिलेंगे 2585 रुपए

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए ऑनलाइन पंजीयन किए जाने का काम 7 फरवरी से शुरू होगा, जो कि 7 मार्च तक चलेगा। इस गेहूं खरीदी को लेकर शासन के निर्देश पर श्योपुर जिले में भी तैयारियां शुरू हो गई है। पंजीयन के लिए शासन की ओर से निःशुल्क और सशुल्क पंजीयन किए जाने की व्यवस्था तय की गई है। साथ ही किसान अपने मोबाइल के जरिए भी गेहूं खरीदी के लिए अपना पंजीयन कर सकते है। इस बार समर्थन मूल्य पर किसानों के गेहूं को 2585 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाएगा,जबकि पिछले साल समर्थन मूल्य 2425 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित था। केन्द्र सरकार ने इस वर्ष गेंहू के समर्थन मूल्य पर 160 रूपए की बढोत्तरी की है। बता दें कि पिछले साल मप्र सरकार ने गेहूं कम से कम 2600 प्रति क्विंटल में खरीदने की बात कही थी। ऐसे में इस बार सरकार अपना वादा पूरा करने के लिए करीब 15 रूपए बोनस भी दे रही है। जिसके चलते किसानों को गेहूं का दाम सरकार की ओर से 2600 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मिलेगा।

### आधार नंबर से सत्यापन

किसानों को पंजीयन कराने और उपज बेचने के लिए आधार नंबर से सत्यापन कराना होगा। आधार नंबर से जो मोबाइल नंबर लिंक होगा, ओटीपी उसी पर आएगा। किसान का पंजीयन तभी होगा, जब भू अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। यदि इसमें अंतर पाया जाता है तो फिर तहसील कार्यालय में सत्यापन कराना होगा।

### इनका कहना है

गेहूं खरीदी के लिए ऑनलाइन पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगा। पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किए जाने के साथही शासन के निर्देशानुसार अन्य तैयारियां भी की जा रही है।

**विजय शाक्य**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्योपुर**

---

# चौथे दिन पांचों कॉलोनी के पास चंबल नहर में मिला बिजली ठेकेदार का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चार दिन पहले बिजली कंपनी के एई और बिजली ठेकेदार बोलेरो गाडी समेत ढोढर थाना क्षेत्र में तब चंबल नहर में गिर गए थे,जब वे रात्रि के दौरान चंबल नहर के रास्ते विजयपुर लौट रहे थे। हालांकि बिजली कंपनी के एई किसी तरह तैरकर चंबल नहर से सकुशल बाहर आ गए,लेकिन बिजली ठेकेदार रिंकू राठौर निवासी ग्वालियर चंबल नहर में ही डूब गया। घटना के दूसरे दिन क्रेन के जरिए चंबल नहर में गिरी गाडी को बाहर निकाल लिया गया,लेकिन गाडी में बैठे रह गए रिंकू राठौर का कोई अता पता नहीं चल सका। जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम चंबल नहर में उसकी खोजबीन में लग गई। लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसी बीच शनिवार की सुबह वीरपुर थाना क्षेत्र स्थित पांचो कॉलोनी के पास चंबल नहर में रिंकू राठौर का शव उतराता हुआ मिल गया। जिसे पुलिस ने सूचना मिलने के बाद चंबल नहर से बरामद कर लिया और उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा दिया,लेकिन सूर्यास्त हो जाने के बाद उसका पीएम नहीं हो सका। इस संबंध में ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि रविवार को पीएम कराए जाने के बाद रिंकू के शव को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा और मामले की जांच शुरू कर दी जाएगी।

### आकांक्षी विकासखंड कराहल में संपूर्णता अभियान 2.0 का हुआ शुभारंभ

श्योपुर। भारत सरकार के अंतर्गत नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के क्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सौमया आनंद के निर्देशन में विकासखण्ड कराहल में संपूर्णता अभियान 2.0 का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। जनपद कराहल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष बत्तो बाई आदिवासी उपस्थित रहें। इसके साथ ही सीईओ जनपद राकेश शर्मा तथा बीईओ कराहल प्रदीप श्रीवास्तव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें। नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 का मुख्य उद्देश्य आगामी तीन माह की अवधि में (28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक) स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कृषि से संबंधित 6 प्रमुख संकेतकों को 100 प्रतिशत संतृप्ति तक पहुँचाना है। यह अभियान विभागीय समन्वय, जनभागीदारी, फ्रंटलाइन वर्कर्स की सक्रिय भूमिका तथा सतत निगरानी पर आधारित है।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाकोनी निवासी दीपक प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजू बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजू बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दीपक प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरकापुर जिला टीकमगढ निवासी रहीश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पुष्पेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### कुएं में डूबने से वृद्ध की मौत, मर्ग कायम

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम बरखेडा नई निवासी विजय जाटव की सूचना पर से पुलिस ने दौजाराम पुत्र भागचन्द जाटव उम्र 50 साल का शव पीपल वाले खेत के कुए के पानी से बरामद किया है।

### दो बाईक आपस में भिड़ीं

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर पांडरी निवासी सौरभ यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाईक क्रमांक यूपी 94 यू 8627 के बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले की शाढौरा थाने के पुलिस ने ग्राम कमालपुर निवासी राजेन्द्र अहिरवार के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने ही कमालपुर निवासी अंकेश अहिरवार के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम मढी कानूनगो निवासी महाराज अहिरवार के पास से 07 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है और मथनेर निवासी बलवीर अरिहवार के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई की गई

**अशोकनगर।** पिपरई पुलिस ने पिपरई में पठार मोहल्ला के पीछे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए जसराम नायक, अनिल यादव, विश्राम यादव, नेतराम अहिरवार, गोलू अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 3170 रूपए बरामद किए गए है।

### शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट में दो मिनट का किया मौन धारण

**अशोकनगर।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौन की अवधि शुरू होने एवं समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर, बृजविहारी श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी,तहसीलदार भारतेन्दु यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### बाइक सवार ने तहसील बाबू को टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर मुंगावली कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी आनंद शर्मा उम्र 40 साल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे आनंद शर्मा को पैरो में घातक चोटें आई हैं। बाबू टक्कर में घायल होने के बाद भोपाल उपचार कराने चले गए थे लौटने के बाद वह मुंगावली अस्पताल में मामला दर्ज कराने पहुंचे। घटना 30 अक्टूबर की शाम 6 बजे की है। यह घटना उस समय हुई जब वह तहसील कार्यालय से पैदल स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी गेट के समीप एक तेज रफ्तार से आ रही बाईक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके से बाईक चालक फरार हो गया। इस घटना में बाबू आनंद शर्मा की जांघ की हडडी चोटिल हुई है।

## पीजी कॉलेज के 19 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में पाया स्थान

# 'विद्यार्थियों के परिश्रम ने कॉलेज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



पीजी कॉलेज के 19 विद्यार्थियों ने महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया ने कहा कि कॉलेज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसमें शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों का परिश्रम ने कॉलेज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ एके जैन एवं डॉ व्हीके अग्निहोत्री तथा प्राचार्य द्वारा इन विद्यार्थियों को प्राचार्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मेरिट सूची में इन्होंने पाए स्थान- प्रोफेसर डॉ एमएल सोनी ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में एमएससी गणित की छात्रा डॉली विश्वकर्मा एवं एमएससी औद्योगिक रसायन के छात्र हरिओम को मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में बीबीए पाठ्यक्रम में मिती मिडला ने दूसरा स्थान, साक्षी दांगी ने सातवां स्थान, हर्षिता वाधवानी ने दसवां स्थान, बीकॉम पाठ्यक्रम में राजी जैन ने चौथा स्थान, बीसीए पाठ्यक्रम में मोहित तिवारी ने नौवां स्थान, एमए राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम में मिताली मिश्रा ने छठा स्थान, एमए अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम में अनुराधा नामदेव ने पांचवां स्थान एमएससी भौतिकशास्त्र पाठ्यक्रम में जयंती विश्वकर्मा ने दसवां स्थान, एमएससी गणित पाठ्यक्रम में डॉली विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान, सुमैया सरवर ने चौथा स्थान, ऋचा साहू ने आठवां स्थान, एमएससी वनस्पति विज्ञान पाठ्यक्रम में श्रवण ने नौवां स्थान, एमकॉम पाठ्यक्रम में आयुषी ठाकुर ने दूसरा स्थान, दीप्ति कुकरेजा ने दसवां स्थान, एमएससी औद्योगिक रसायन पाठ्यक्रम में हरिओम ने प्रथम स्थान, राजुल सोनी ने दूसरा स्थान, आदर्श चौबे ने तीसरा स्थान, प्रीति कुशवाहा ने चौथा स्थान, कुलदीप सेन ने पांचवां स्थान प्राप्त किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए ज्योति पटेल एवं शिफा खान को तथा बीए टूरिज्म की छात्रा नीलम अहिरवार खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद रफीक शेख ने किया।

# जन शिक्षा केंद्र काली पहाड़ी का शैक्षिक संवाद आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार के निर्देशन एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विनोद तिवारी के मार्गदर्शन में गत 31 जनवरी 2026 को शासकीय हाई स्कूल काली पहाड़ी, जन शिक्षा केंद्र काली पहाड़ी में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 के लिए प्रभावी पुनरावृत्ति तथा कक्षा 4 से 5 के लिए जोड़-घटाव एवं शाब्दिक प्रश्नों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी माँ सरस्वती के चित्र पर रोली-अक्षत से तिलक एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों द्वारा सरस्वती वंदना एवं प्रेरणादायी गीतों की प्रस्तुति दी गई। शैक्षिक संवाद को संबोधित करते हुए बीएसी महेश कुमार लोधी ने कहा कि यदि विद्यार्थियों को नियमित एवं प्रभावी पुनरावृत्ति कराई जाए, तो परीक्षा परिणामों में निश्चित रूप से गुणात्मक सुधार देखने को मिलता है।

वहीं बीएसी अनिल कुमार चौरसिया ने शिक्षकों से शीघ्र पाठ्यक्रम पूर्ण कराते हुए प्रभावी पुनरावृत्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने विषयगत चर्चा के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। शैक्षिक संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर जन शिक्षक ललेंद्र पारस, सहज कर्ता बालकृष्ण विश्वकर्मा खन्ना कुशवाहा ,प्रियंका सविता ,महेंद्र सिंह राजपूत, रवि कुमार तिवारी, पर्वत सिंह यादव , अजय कुशवाहा , शिवकुमार शर्मा ,लक्ष्मी यादव,श रश्मि श्रीवास्तव ,उमेश कुमार , विनोद तिवारी,नेहा यादव ,नीलमसाहू, हरिशंकर, कालीचरण, रामशरण दुबे , वीरेंद्र सिंह गुर्जर , जितेंद्र कुमार गुप्ता ,बालकृष्ण जाटव ,कैलाश चंद्र जाटव प्रवीण भार्गव देवेंद्र कुमार शर्मा प्रदीप कुमार गुप्ता ,अजय मिश्रा , श्री कृष्णा शर्मा ,सत्येंद्र यादव ,पातीराम पाल , अजब सिंह यादव ,सुधीर कुमार कुशवाहा , चंद्रभूषण यादव, अखिलेश कुमार जाटव , ममता गुप्ता, ज्योति चौरसिया, उपस्थित रहे।

### भगवान विश्वकर्मा का प्राकट्योत्सव श्रद्धा और भारी उत्साह के साथ मनाया गया



**बीना।** माघ शुक्ल त्रयोदशी को इंदिरा गांधी वार्ड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा भगवान का प्राकटयोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विधि विधान से पूजन-हवन, प्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष पंचम विश्वकर्मा सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष यु.मो. दिवाकर विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, घनश्याम विश्वकर्मा, छोटू विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, रिंकू विश्वकर्मा, कांत विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, भागीरथ विश्वकर्मा, आरसी झा, खुशीलाल विश्वकर्मा, रामप्रसाद विश्वकर्मा, करण विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा, इंद्र विश्वकर्मा, शोभाराम विश्वकर्मा, चंद्रभान विश्वकर्मा, देवीलाल विश्वकर्मा सहित कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# दूसरों के दुखों को दूर करना ही सबसे बड़ा धर्मः धरमू राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा राष्ट्रीय न्यास द्वारा संचालित अंजनी समर्थ केंद्र मैं फिजियोथेरेपी, होम्योपैथी निशुल्क स्वस्थ्य शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें डीबीएल सोशल वेलफेयर फाउंडेशन भोपाल के डॉक्टर सोनिया श्रीवास्तव, डॉ नीलेश भन्नारिया, डॉक्टर कोमल सिंह 11 सहित अन्य डॉक्टरों के द्वारा 55 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं मार्गदर्शन दिया। सभी दिव्यांगों की फिजियोथैरेपी भी की गई। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक धरमू राय, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने मां सरस्वती का पूजन कर शिविर का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धरमू राय ने कहा जरूरतमंद की मदद करने से बड़ा कोई कर्म नहीं है, दूसरों के दुख को दूर करना ही सबसे बड़ा धर्म है। दिव्यांगों की सेवा हम सभी को किसी न किसी रूप में करते रहना चाहिए। संस्था द्वारा की जा रही सेवा सराहनीय कार्य है। नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि मैं नगर पालिका द्वारा दिव्यांगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य प्राथमिकता से कर रही हूं आगे भी मैं दिव्यांगों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता से करवाऊंगी। दिव्यांगों की सेवा सबसे पुण्य का कार्य है।

डॉ सोनिया श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी संस्था प्रत्येक माह एक दिन हम अंजनी समर्थ केंद्र में फिजियोथैरेपी होम्योपैथी की निशुल्क सेवाएं देने का कार्य कर रहे हैं लाभ दिव्यांगों को मिल रहा है और भी दिव्यांग शिविर मैं संस्था से संपर्क कर निशुल्क लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में मंजू बुंदेला, शांति बाई कुशवाहा, राकेश सुमन राकेश माली सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं दिव्यांगजन की उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया।

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

# इलाज के लिए अस्पताल आई घायल नाबालिग, जांच में गर्भवती निकली




**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत एक 15 वर्षीय किशोरी को उपचार के लिए चोट लगने के बाद जिला अस्पताल में लाया गया था। जहां किशोरी 3 दिन से भर्ती है जांच के दौरान पाया गया कि किशोरी गर्भवती है तब जानकारी से पुलिस को अवगत कराया गया जिसके बाद पुलिस जिला अस्पताल में किशोरी के बयान लेने पहुंची।

इस दौरान किशोरी के साथ उसकी माता पिता दोनों प्रसूती वार्ड के बाहर थे और पुलिस की ओर से महिला एसआई नाबालिक किशोरी के बयान लेते नजर आईं। इस दौरान किशोरी के पिता ने बताया कि किशोरी घर पर गिर गई थी जिसके कारण उसे चोटे आई थीं जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जहां किशोरी का एक्सरा कराया गया, इस दौरान किशोरी के गर्भ में शिशु का पलना होना पाया गया। जिसके बाद जिला अस्पताल अशोकनगर से सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद अस्पताल की पुलिस चौकी का स्टाफ और महिला उप निरीक्षक किशोरी के बयान लेने प्रसूती गृह में पहुंची। किशोरी के पिता ने बताया कि किशोरी अपनी बहन की ससुराल गई थी वहां से आने के बाद गर्भवती अवस्था में है उन्होंने संभावना जताई है कि बहन के देवर द्वारा यह कृत्य किया गया है जिसमें देवर भी नाबालिग होना बताया गया है।




## दिशा बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक की गई आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में पिछली आयोजित दिशा बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा पिछली दिशा बैठक में केन्द्रीय मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के संबंध में पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय मंत्री के आगामी 02,03 एवं 04 फरवरी 2026 को जिले के भ्रमण से संबंधित सभी कार्यक्रमों एवं दिशा की बैठक की तैयारियां समय से पूर्ण हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दिशा बैठक के बिन्दुओं पर सभी विभाग अपनी-अपनी रिपोर्ट तैयार रखें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर एवं बृजविहारीलाल श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाजार में बाल मजदूरी कराने वाले 8 मालिकों पर महकमे ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं सचिव मनीष अनुरागी के निर्देशन में बाल श्रम को रोकने के लिए बृहद रूप से अभियान चलाना गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा वृहद रूप से अशोकनगर जिले के कांसल मार्केट, रेलवे स्टेशन एवं बाजार में बाल श्रमिकों को दुकानों में औचक रूप से देखा गया और पाए गए बाल श्रमिकों का निरीक्षण कर कानूनी कार्यवाही की। बाल श्रम को रोकने के लिए सर्वप्रथम जिला प्रशासन से श्रम पदाधिकारी सुरभि रघुवंशी एवं उनकी टीम से संपर्क किया गया और उनके द्वारा आयोजित इस बाल श्रम निषेध कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे अभियान में चार पैरालीगल वालंटियर और कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन के लोगों ने भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर विवेक यादव, हरवेंद्र शर्मा, जमील अली ने भाग लिया और कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन, विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, रघुकुल सेवा समिति आदि गैर सरकारी संगठन के विपिन रघुवंशी द्वारा पूर्ण सहयोग दिया, जिसमें मुख्य बाजार के सभी दुकानों को निरीक्षण कर, कुल 8 नियोजकों पर कार्रवाई की जिन्होंने बाल श्रमिकों को काम पर रखा था उन्हें निरीक्षण के दौरान कानूनी प्रक्रिया एवं भविष्य में बाल श्रम रोकने के लिए प्रेरित किया। उनसे यह भी कहा गया कि वह अपनी दुकानों में बाल श्रम निषेध का एक बैनर चस्पा करें।

## संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में 31 जनवरी से 7 फरवरी तक होंगे कार्यक्रम



**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष में सप्ताह भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र जाटव ने बताया कि 31 जनवरी से 7 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रदेश स्तर से जिले में संयोजक राजेश पंथी चंदेरी, सह संयोजक मनीष धुरेंटे,जगन्नाथ पिप्पल, विनोद अहिरवार नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान दीपोत्सव कार्यक्रम मंदिर दर्शन, संत सम्मान एवं उपदेश संगोष्ठी के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम प्रदेश से मंडल स्तर तक आयोजित होंगे।

## माह जनवरी में सेवानिवृत्त होने पर शासकीय सेवकों का सम्मान कर विदाई दी




**अशोकनगर।** जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान कर विदाई समारोह आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में माह जनवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह संयुक्त कलेक्टर बृजविहारीलाल श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को किया गया। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में माह जनवरी 2026 में सेवानिवृत हुए 11 शासकीय सेवकों का सम्मान किया गया। साथ ही माह दिसम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी,सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा,जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसोदिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

831 हितग्राहियों को रुपए 3 करोड़ 30 लाख का किया हितलाभ वितरण

# युवा संगम कार्यक्रम में 72 से अधिक युवाओं का किया गया प्रारंभिक चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

शुक्रवार को रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 113 युवाओं का पंजीयन कराया एवं कंपनियों द्वारा 72 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया और 56 को ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में विभिन्न सेक्टर की 9 निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित 831 स्वरोजगार योजनाओ के हितग्राहियो को 3 करोड़ 30 लाख का रुपए का ऑनलाइन हितलाभ वितरण किये गए,जिसमें नगर पालिका द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएमएफएमई योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह आदि योजनाओं के तहत हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया।



### केसीसी रोड का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया

**पिपरई।** नगर मे चल रहे सी.सी. रोड के कार्य का विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे, और सी.एम.ओ. अशोक वर्मा ने मोके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। वहां पर ठेकेदार को निर्देश दिये की सी. सी. रोड का कार्य बहुत ही साफ मटेरियल से किया जाना चाहिए.यह रोड का जल्द ही कार्य पूर्ण किया जाये। इस रोड का कार्य होने से नगर वासियों को बरसात मे होने बाले कीचड़ से निजात मिलेगी। अभी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। नगर परिषद पहुंचने मे उससे राहत मिलेगी। इस कार्य से सभी नगर बासी खुश है।

सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए

# पहली बार शहर घने कोहरे की चपेट में, विजीविलिटी 30 मीटर पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शीतकालीन मौसम में पहली बार अशोकनगर शहर को सुबह की भोर मे कोहरे की चादर में ढका देखा गया। घना कोहरा होने के कारण 30 मीटर दूर तक भी वाहन नजर नहीं आए। सड़को पर चलने वाले वाहनों को या तो कोहरा कम होने का इंतजार करना पड़ा या फिर वाहनों को धीमी गति से चलाना पड़ा।

अशोकनगर शहर में यह ठण्ड के दिनों में पहली बार कोहरा देखा गया हैं, हालांकि रात से ही मौसम में ओस और कोहरा होने की संभावनाएं नजर आने लगी थीं। दो दिन पहले जिले में हुई मावठे की वर्षा के साथ ओले गिरने के कारण मौसम में असर अधिक देखा गया। बाग बगीचों में पेड़ों की टहनियों पर जमी ओस के कारण पानी की बूंदी नीचे गिरती हुई देखीं गई। सुबह की भोर मे घूमने के लिए निकलने वाले लोगों को घना कोहरे के कारण घूमने के लिए निकलने से परहेज करते हुए देखा गया। सुबह और देर रात शहर के अनेक स्थानों पर लोग ठण्ड से बचाव के लिए अलाव जलाते हुए देखे गए। जिले का मौसम इन दिनों ठंडा बना हुआ है। शुक्रवार को अशोकगर का तापमान 8.04 डिग्री सेल्सियस रहा।